आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 15.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– सीबीआई ने राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा में पक्षपात के मामलों की जांच शुरू की–तत्कालीन अध्यक्ष और सचिव के रायपुर और भिलाई स्थित परिसरों पर आज ली गई तलाशी।

2– बीजापुर जिले में पुलिस ने अलग–अलग इलाकों से बारह माओवादियों को किया गिरफ्तार।

3– उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालोद में समीक्षा बैठक के दौरान शिकायतों के आधार पर एक तहसीलदार और थाना प्रभारी को किया निलंबित।

4– मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हो सकती है भारी बारिश।

पीएससी–सीबीआई जांच

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी द्वारा 2020–22 परीक्षा के दौरान डिप्टी कलेक्टरों, डिप्टी एसपी और अन्य वरिष्ठ पदों के चयन में पक्षपात के आरोपों के मामलों की जांच शुरू कर दी है। इस संदर्भ में आज सीबीआई की टीम ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष और सचिव के आवासीय परिसर में तलाशी ली। साथ ही रायपुर और भिलाई में लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक के परिसरों पर भी छानबीन की।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने इस मामले को सीबीआई को सौंपते हुए इसकी जांच करने का अनुरोध किया था। वर्ष दो हजार बीस–बाईस के दौरान छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में आयोग के अधिकारियों पर अपने बेटे, बेटी, रिश्तेदारों, उनके परिचितों आदि की भर्ती करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे थे। यह भी

आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन अध्यक्ष के बेटे को कथित तौर पर डिप्टी कलेक्टर के रूप में चुना गया था, उनके बड़े भाई के बेटे को महत्वपूर्ण पद के लिए चुना गया था। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों के बेटे, बेटियों, रिश्तेदारों के साथ–साथ राजनीतिक नेताओं और पदाधिकारियों को डिप्टी कलेक्टर और उप पुलिस अधीक्षक आदि के रूप में चुना गया था।

## विधि विभाग–संशोधन

विधि विधायी विभाग ने छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा नियम, 2006 में दी गई पूर्व की व्यवस्था में जरुरी संशोधन कर विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत जजों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। नये नियम के तहत त्यागपत्र देने के तीन महीने पहले जजों को इसकी सूचना विधि विधायी विभाग को देनी होगी। किसी कारणवश तय समय में सूचना नहीं दे पाने की स्थिति में तीन महीने का वेतन सरेंडर करना होगा। नए नियम को तत्काल प्रभाव से छत्तीसगढ़ में लागू कर दिया है।

विधि विधायी विभाग के एक और संशोधन के अनुसार सिविल जज परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए विधि में स्नातक की डिग्री के साथ ही राज्य अधिवक्ता परिषद में पंजीयन को अनिवार्य कर दिया गया है। संशोधन के साथ ही राज्यपाल के अनुमोदन के बाद इसे छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है।

## मलेरिया–कमी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्रयासों में तेजी लाने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर जिले के दौरे पर हैं।

मलेरिया के वार्षिक परजीवी सूचकांक दर के अनुसार बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में पचास प्रतिशत की कमी आई है।

गौरतलब है कि मलेरिया के कुल मामलों में से इकसठ फीसदी दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर से आते हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

उप मुख्यमंत्री–निलंबित

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालोद में एक तहसीलदार और एक थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया है। श्री शर्मा ने बालोद में समीक्षा बैठक के दौरान मार्री बंगला देवरी के तहसीलदार को किसानों की शिकायत पर निलंबित कर दिया। वहीं, गुरुर थाना प्रभारी को भी कानून व्यवस्था में लापरवाही बरतने के कारण हटाने का आदेश दिया। वहीं, समीक्षा बैठक में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कमियां पाए जाने पर फटकार भी लगाई।

अपने दौरे के दौरान उप मुख्यमंत्री ने जिले में सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने, अस्पताल में लोगों के लिए सोनोग्राफी की व्यवस्था करने और जिले के सभी मुख्यालयों में स्थित प्राइमरी स्कूलों में बायोमैट्रिक और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

संपूर्णता अभियान

संपूर्णता अभियान के तहत आंकांक्षी जिला कोंडागांव और विकासखंड माकड़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माकड़ी में किया गया। इसमें विभिन्न एफएलसीआरपी और बैंक सखी को बेहतर वित्त प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। वित्तीय साक्षरता के तहत स्वयं सहायता समूह को चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश कोष और बैंक लिंकेज का लाभ लेकर लखपति दीदी बनने के सफर में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया।

माओवादी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले में पुलिस और डीआरजी की संयुक्त टीम ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से बारह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने, हत्या करने, हत्या का प्रयास, विस्फोट, लूट और अपहरण जैसी घटनाओं में शामिल रहने के आरोप हैं। इन बारह माओवादियों में से पांच को मेटापाल के जंगल से और सात को तर्रेम इलाके से पकड़ा गया है। इनमें से तीन माओवादियों पर कुल चार लाख रूपए का इनाम घोषित था।

## स्मारक ध्वस्त

सुकमा जिले के किस्टाराम थाना अंतर्गत ग्राम पालोडी के कसाराम जंगलों में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। इसे जिला पुलिस बल और डीआरजी की टीम द्वारा ध्वस्त किया गया।

उधर, कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा डंप किए गए विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने बताया कि इरागांव, फरसगांव और केशकाल की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन चलाकर माओवादी डंप बरामद किया। इस दौरान अमोनियम नाइट्रेट, तीर बम, प्रेशर कुकर बम, बैटरी, वायर, नक्सली साहित्य सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

## मुख्यमंत्री–मुख्य महाप्रबंधक मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया–एसबीआई के मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री शर्मा से बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। छत्तीसगढ़ के सुदूर इलाकों खासकर गावों तक बैंक शाखाओं का और अधिक विस्तार हो ताकि दूरस्थ क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बन सकें। इस अवसर पर श्री शर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इस दिशा में उठाये जा रहे कदमों और आगे की कार्ययोजना के बारे में बताया।

## हाथी–आतंक

सूरजपुर जिले के नगर पंचायत प्रतापपुर में जंगली हाथियों के दल से बिछड़े दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों ने आत्मानंद स्कूल परिसर के गेट को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस दौरान प्रतापपुर के रिहायशी इलाकों की सड़कों पर हाथी घूमते हुए नजर आए। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम द्वारा पूरी रात निगरानी की गई। इसके बाद वन विभाग ने बड़ी मशक्कत कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा।

करंट–मौत

छत्तीसगढ़ में आज करंट लगने की अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है।

पहली घटना बालोद जिले के निपानी गांव की है, जहां करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार टेंट में फैले करंट के संपर्क में आने से इस बच्ची की मौत हुई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के कापन गांव में बिजली मीटर के टूटे तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। यह मामला नैला थाना क्षेत्र का है।

इसी जिले के अवराईकला गांव में पेड़ काटने के दौरान टूटे तैंतीस केव्ही तार में फैले करंट की संपर्क में आने से एक महिला मौत हो गई। मृत महिला मौहार गांव की रहने वाली थी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी तथा तटीय ओडिशा के ऊपर बना हुआ है। इसके साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा भी विस्तारित है। इसके अलावा एक निम्नदाब का क्षेत्र उन्नीस जुलाई को उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना भी जताई गई है।

इसके असर से प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने बस्तर के कुछ जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में इस साल औसत रूप से सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। सबसे कम वर्षा बेमेतरा, दुर्ग और सरगुजा जिले में हुई है, जहां वर्षा का औसत पचास प्रतिशत से भी कम है। वहीं, बीजापुर में सबसे

ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह, रायपुर में तीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। तो वहीं, बिलासपुर में पर्याप्त वर्षा हुई है।

बाहुड़ा यात्रा

आज प्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ अपने निवास स्थान पर वापस लौट रहे हैं। इस यात्रा को 'बाहुड़ा यात्रा' कहा जाता हैं। रायपुर के अवंति विहार स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत शामिल हुए।

वहीं, बस्तर में बहुड़ा गोंचा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र के विग्रहों को तीन रथों में आरूढ़ कर विधि–विधान से पूजा अर्चना की गई और नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद इन्हें जगन्नाथ मंदिर ले जाया गया।

संक्षिप्त समाचार

– हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है।

– रायपुर रेल मंडल अंतर्गत निपनिया स्थित समपार फाटक आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते कल सोलह जुलाई सुबह आठ बजे से सत्रह जुलाई शाम पांच तक बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों का आवागमन नहीं हो पाएगा।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा में वर्तमान शिक्षा सत्र में बीपीएड और डीपीएड द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शारीरिक दक्षता और साक्षात्कार बाईस से चौबीस जुलाई तक शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेंड्रा में आयोजित किया जाएगा।

– भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने आज पुलिस के बुलावे पर कथित एम.एम.एस. कांड मामले में थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया है।

– बस्तर में पुलिस ने दरभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग–अलग कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर साठ किलो गांजा जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>